आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

19.05.2024 समय : 1850

- दक्षिण  पश्चिम मानसून बंगाल की खाड़ी के दक्षिण के कुछ भाग, निकोबार और दक्षिण अण्डमान सागर में आज पहुंच गया है।

- अण्डमान निकोबार पुलिस ने साइबर अपराध को अंजाम देने के लिए फर्जी नौकरी का एस.एम.एस. भेजने वाले जाल–साज़ों पर जन सलाह जारी की है।

- केन्द्रीय द्वीपीय कृषि अनुसंधान संस्थान के कृषि विज्ञान केन्द्र, कार–निकोबार की ओर से बिग लपाती गांव में एक दिवसीय कौशल विकास कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

- राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग की रिपोर्ट के अनुसार, देश में अनुसूचित जाति श्रेणी के अध्ययनरत विद्यार्थियों की संख्या दो हजार चौदह–पन्द्रह के मुकाबले चवालिस प्रतिशत बढ़ गई है।

- अण्डमान निकोबार फुटबॉल एसोसिएशन, अखिल भारतीय फुटबॉल फैडरेशन के सहयोग से द्वीपसमूह में पहला बेसिक रेफरी कोर्स आयोजित करेगा।

<><><><><><><>

दक्षिण  पश्चिम मानसून बंगाल की खाड़ी के दक्षिण के कुछ भाग, निकोबार और दक्षिण अण्डमान सागर में आज पहुंच गया है। इसके प्रभाव से द्वीपसमूह के अधिकांश भागों में वर्षा होगी या गरज के साथ छीटे पड़ेंगे। वायु सेना केन्द्र कार–निकोबार में आज सुबह साढ़े आठ बजे तक ग्यारह मिलीमीटर, कार–निकोबार में नौ दशमलव छः, पोर्ट ब्लेयर में छः दशमलव पांच, ननकौड़ी में दो और हटबे में एक दशमलव आठ मिलीमीटर वर्षा हुई। अगले पांच दिनों के मौसम संबंधी पूर्वानुमान में बताया गया है कि द्वीपों के अधिकांश भागों में वर्षा होगी या गरज के साथ छींटे पड़ेंगे। कल से समुद्र के काफी अशान्त रहने की भी संभावना है। इस दौरान हवा की गति चालीस से पचास किलोमीटर प्रतिघण्टा हो सकती हैं। मछुआरों को कल से तेईस मई तक समुद्र में न जाने की सलाह दी गई है।

<><><><><><><>

अण्डमान निकोबार पुलिस ने साइबर अपराध को अंजाम देने के लिए फर्जी नौकरी का एस.एम.एस. भेजने वाले जाल–साज़ों पर जन सलाह जारी की है। इसमें कहा गया है कि जालसाज़ फर्जी नौकरी देने के लिए ऑनलाइन विज्ञापन देते है, जिसमें वे लोगों को घर से ही काम करके कम समय और कम मेहनत में अधिक पैसे कमाने का लालच देते है। धोखाधड़ी के लिए साइबर अपराधी एक नौकरी देने वाले या भर्तीकर्ता की भूमिका निभाता है और आकर्षक रोज़गार का झांसा देता है। इसके बदले वह नौकरी चाहने वालों से पूर्व में कुछ पैसे देने की मांग करता है। पुलिस ने लोगों से ऐसे अज्ञात प्रेषकों द्वारा भेजे गए मैसेज या ई–मेल के माध्यम से आने वाले आकर्षक नौकरी के प्रस्तावों से बचने को कहा है। इसके अलावा नौकरी प्रस्ताव देने वाली कम्पनी की पूरी तरह जांच करने और पंजीकरण या अन्य मामलों में कोई भुगतान करने से पहले कामदार की प्रमाणिकता की पुष्टि करने और भुगतान से बचने को भी कहा गया है।

<><><><><><><>

विम्बर्लीगंज ग्राम पंचायत के उप–प्रधान के. अब्दुल रहमान, सरपंच के. आचिअम्मा और सदस्य पी. फातिमा ने अण्डमान निकोबार जनता पार्टी से त्याग पत्र देते हुए, भारतीय राष्ट्रीय कॉग्रेस की सदस्यता ग्रहण कर ली हैं। प्रदेश कॉग्रेस पार्टी अध्यक्ष रंगालाल हलदार ने पार्टी में इनका स्वागत किया।

<><><><><><><>

अंतर्राष्ट्रीय मातृत्व दिवस मनाए जाने के सिलसिले में सी.आर.सी. और गैर–सरकारी संगठन पंख की ओर से नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य दिव्यांगजन और माताओं को नेत्र जांच की सुविधा प्रदान करना था। शिविर में पचास से अधिक लोग लाभान्वित हुए। कार्यक्रम में चिन्मय मिशन के स्वामी शुद्धानन्द सरस्वती मुख्य अतिथि थे, जबकि पंख की अध्यक्षा कोमल आनन्द सम्माननीय अतिथि थीं।

<><><><><><><>

केन्द्रीय द्वीपीय कृषि अनुसंधान संस्थान के कृषि विज्ञान केन्द्र, कार–निकोबार की ओर से बिग लपाती गांव में एक दिवसीय कौशल विकास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बिग लपाती के कैप्टन एम. थॉमस इस अवसर पर मुख्य अतिथि थे। बैंग्लुरू के प्रधान वैज्ञानिक डॉ. आर. सेन्थिल कुमार स्रोत अधिकारी थे। उन्होंने किसानों से अनुरोध किया कि वे नारियल की उत्पादकता बढ़ाने के लिए वैज्ञानिक तरीके का इस्तेमाल करें। डॉ. संतोष कुमार ने इस अवसर पर किसानों को संबोधित किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में तीस से अधिक किसानों ने भाग लिया।

<><><><><><><>

राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग की रिपोर्ट के अनुसार, देश में अनुसूचित जाति श्रेणी के अध्ययनरत विद्यार्थियों की संख्या दो हजार चौदह–पन्द्रह के मुकाबले चवालिस प्रतिशत बढ़ गई है। पहले यह संख्या छियालिस लाख थी, जो दो हजार इक्कीस–बाईस तक छियासठ लाख हो चुकी है। अल्पसंख्यक महिला विद्यार्थियों की संख्या भी दो हजार चौदह–पन्द्रह के मुकाबले बयालिस प्रतिशत बढी है। वहीं अनुसूचित जाति की महिला विद्यार्थियों की संख्या में इक्यावन प्रतिशत और अनुसूचित जनजाति के दाखिले में पैंसठ प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर्ज की गई है। रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष दो हजार बीस–इक्कीस में अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों के लिए सत्ताईस प्रतिशत आरक्षण के तहत चौंतीस हजार से अधिक बच्चों को दाखिला मिला है। राष्ट्रीय महत्व के संस्थानों में, अन्य पिछड़ा वर्ग के दाखिले में इकहत्तर प्रतिशत की वृद्धि हुई है और इनमें महिलाओं की संख्या बढ़कर दोगुनी हो गई है।

<><><><><><><>

राज्य बाल संरक्षण सोसायटी की ओर से हाल ही में सभी उम्र के बच्चों के लिए कविता लेखन और चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। समाज कल्याण निदेशक के कक्ष में पुरस्कार वितरण समारोह रखा गया। कार्यक्रम का उद्देश्य रचनात्मक अभिव्यक्ति के लिए एक मंच प्रदान करते हुए उन्हें प्रोत्साहित करना था। समाज कल्याण निदेशक नितिन शाक्या ने सभी विजेताओं और उनके अभिभावकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए इस तरह के कार्यक्रमों के महत्व पर प्रकाश डाला। कविता लेखन और चित्रकला प्रतियोगिता के नौ–नौ खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया।

<><><><><><><>

अनिम्स की ओर से आयोजित वार्षिक खेल–कूद उत्सव और सांस्कृतिक समारोह का कल समापन हो गया। कार्बाइंस–कोव स्थित परिसर में आयोजित समापन समारोह में मुख्य सचिव केशव चन्द्र मुख्य अतिथि थे। इस अवसर पर अनिम्स के विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। खेल–कूद उत्सव के दौरान कई प्रतियोगिताएं आयोजित हुईं। मुख्य सचिव ने इन विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए।

<><><><><><><>

अण्डमान निकोबार फुटबॉल एसोसिएशन, अखिल भारतीय फुटबॉल फैडरेशन के सहयोग से द्वीपसमूह में पहला बेसिक रेफरी कोर्स आयोजित करेगा। यह कोर्स चार दिनों का होगा। इस दौरान भोजन, आवास और यात्रा का खर्च उम्मीदवारों को वहन करना होगा। द्वीपसमूह के दसवीं पास पुरूष और महिला उम्मीदवार जिनकी आयु अट्ठारह से पैंतीस वर्ष है, वे अपना पंजीकरण इक्कतीस मई तक कर सकते हैं।

<><><><><><><>

भाजपा के राज्य अध्यक्ष अजय बैरागी और पार्टी के अन्य नेताओं ने पार्टी के वरिष्ठ नेता और स्वराज द्वीप निवासी एन.सी. रॉय के निधन पर शोक प्रकट किया है। इनका आज निधन हो गया। वे तिरानबे वर्ष के थे।

<><><><><><><>

डॉ. बी आर अम्बेडकर प्रौद्योगिकी संस्थान में जी पी रेटिंग पाठ्यक्रम के लिए उम्मीदवारों के चयन के वास्ते सामान्य प्रवेश परीक्षा लिया जाएगा। तीन जून को सुबह दस बजे से लिखित परीक्षा और सात जून को सुबह नौ बजे और दिन में डेढ़ बजे दो पारियों में शारीरिक परीक्षा ली जाएगी। आवेदन फार्म इक्कतीस मई तक प्राप्त किए जा सकते हैं। उनतीस मई से एक जून तक हॉल टिकट दिए जाएंगे। प्रवेश के समय भारतीय पासपोर्ट का होना जरूरी है। अधिक जानकारी के लिए डीब्रेट के मैरीटाइम अनुभाग से उम्मीदवार दिए गए मोबाइल नम्बर पर संपर्क कर सकते हैं।

<><><><><><><>

विश्व पर्यावरण दिवस मनाए जाने के सिलसिले में भारतीय प्राणी विज्ञान सर्वेक्षण की ओर से ऑनलाइन ड्रॉइंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। इच्छुक विद्यार्थी, शिक्षक या शोधकर्ता इक्कतीस मई तक दिए गए विषय पर जेड एस आई की मेल पर प्रविष्टियां जमा कर सकते हैं।

<><><><><><><>